| FA | 2 |
|---|---|

# राज्य स्तरीय आकलन

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : तीसरी  विषय : गणित

Paper Code : 3031  पूर्णांक : 10

**निर्देश– खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

**खण्ड 'अ'** **(अंक 05)**

**LO – M-309 - कैलेण्डर पर एक विशेष दिन तथा तारीख को पहचान सकता है।**

### गतिविधि 1 – घड़ी देखो समय बताओ।

- शिक्षक अपने पास दीवार घड़ी रखें।
- शिक्षक अपने अनुसार घड़ी में कोई भी समय जैसे– 1, 2, 3, 4, 5 या साढ़े 7, साढ़े 8 आदि समय बजाकर बच्चों/समूहों को उसका समय पूछें।
- एक बच्चे/समूहों को 4–5 बार समय पूछ सकते हैं।

### गतिविधि 2 – कौन सा कार्य कितने समय

- शिक्षक बच्चों को एक दीवार घड़ी देवें।
- बच्चों को बारी–बारी से उनके दैनिक कार्य जैसे – सुबह उठना, ब्रश करना, नहाना आदि का समय पूछें।
- बच्चों द्वारा बताये समय को घड़ी में दर्शाकर बताने को कहें।

### गतिविधि 3 – घड़ी में कौन सी सुई कहाँ पर है?

- शिक्षक एक दीवार घड़ी अपने पास रखें।
- शिक्षक, बच्चों को घंटे की सुई तथा मिनट की सुई की स्थिति बताकर उसका समय पूछें।
  1. जैसे –घंटे की सुई 4 पर तथा मिनट की सुई 12 पर है।
  2. घंटे की सुई 7 पर तथा मिनट की सुई 12 पर है।
  3. घंटे की सुई 5 और 6 के बीच तथा मिनट की सुई 6 पर है आदि।
- शिक्षक के निर्देशों को सुनकर बच्चे घड़ी में उसका समय दर्शायें।

**खण्ड 'ब'** **(अंक 05)**

**LO – M-311 - सरल आकृतियों तथा संख्याओं के पैटर्न का विस्तार कर सकता है।**

## गतिविधि 1 – ज्यामितीय आकृतियों को पहचानना

- शिक्षक आवश्यकतानुसार कक्षा के बच्चों को समूह मे विभाजित करें।
- शिक्षक दिए गए चित्रानुसार कागज पर अलग–अलग चित्र बनाकर रखें। जिसमें आयत, त्रिभुज, वृत्त आदि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो।
- प्रत्येक समूह के लिए चित्र बनायें।
- बच्चों/समूहों से चित्र को देखकर अलग अलग आकृतियों की संख्या पूछेंगे।
- चित्र बदलकर बच्चों/समूहों से आकृतियों की संख्या पूछ सकते हैं।



## गतिविधि 2 – चित्रों पर रंग भरो

- शिक्षक आवश्यकतानुसार कक्षा के बच्चों को समूह मे विभाजित करें।
- दिए गए चित्र की भांति शिक्षक प्रत्येक समूह के लिए अलग–अलग चित्र बनाकर रखें या ब्लैक बोर्ड पर बना दें।
- अलग–अलग बच्चों को अलग–अलग चित्र देकर रंग भरने के लिए कहें।
- शिक्षक बच्चों से भी चित्र बनाकर बच्चों से रंग भरने के लिए कह सकते हैं।



**गतिविधि 3 – ज्यामितीय आकृतियों का चित्र बनाना**

- शिक्षक छोटे–छोटे कागज पर आयत, वर्ग, त्रिभुज, वृत्त आदि ज्यामितीय आकृतियों के नाम की पर्ची बनाकर रखें।
- बच्चों को बारी–बारी से बुलाकर कोई भी दो पर्ची उठाने के लिए कहें।
- बच्चे पर्ची में लिखी आकृतियों के नाम पढ़ें।
- बच्चे पर्ची में लिखी आकृतियों के चित्र बनायें।

●●●